रणधीर कुमार बीसीई भागलपुर से स्नातक मैकेनिकल इंजीनियर हैं। वह एनपीसीआईएल प्रशिक्षण विद्यालय के पहले बैच से हैं। उन्होंने ऑपरेशन, कमीशनिंग और तकनीकी सेवाओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एनएपीएस और टीएपीएस-3व4 में अलग-अलग दायित्वों का निर्वहन किया है। टीएपीएस-3व4 में टर्बाइन जेनरेटर सिस्टम और प्रोसेस व सी वाटर सिस्टम की कमिशनींग में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने विभिन्न शुरुआती समस्याओं को हल करके टीएपीएस-3 व 4 के प्रारंभिक प्रचालन को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बाद में वे तकनीकी इकाई में वरिष्ठ तकनीकी इंजीनियर (न्यूक्लियर) के रूप में शामिल हुए। वर्तमान में, वह टीएपीएस-3व4 के तकनीकी सेवा अधीक्षक हैं। उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए, उन्हें एनपीसीआईएल एक्सीलेंस अवार्ड 2020 और एनपीसीआईएल स्पेशल कंट्रीब्यूशन अवार्ड 2009 से सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही, उन्हें वर्ष 2011, 2017 और 2019 में एनपीसीआईएल ग्रुप अचीवमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है।

रितेश चंद्र सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट केमिकल इंजीनियर और गोल्ड मेडलिस्ट हैं। वह एनपीसीआईएल प्रशिक्षण विद्यालय के 10वें बैच से हैं। आरएपीएस और केएपीएस में एक साल के प्रारंभिक प्रशिक्षण के बाद, वह वर्ष 2002 में टीएपीएस-3व4 में शामिल हुए। उन्होंने टीएपीएस-3व4 के प्राथमिक ताप परिवहन और आपातकालीन कोर शीतलन प्रणाली की कमिशनींग में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद, उन्होंने कंट्रोल इंजीनियर, असिस्टेंट शिफ्ट चार्ज इंजीनियर और शिफ्ट चार्ज इंजीनियर के रूप में मेन प्लांट ऑपरेशंस में राउंड द क्लॉक शिफ्ट में काम किया। बाद में, वे तकनीकी इकाई में वरिष्ठ तकनीकी इंजीनियर (न्यूक्लियर) के रूप में शामिल हुए। उनके योगदान के लिए एनपीसीआईएल प्रबंधन द्वारा एनपीसीआईएल उच्च प्रदर्शन "युवा कार्यकारी पुरस्कार 2011" और "हिंदी सेवी सम्मान-2015" से उन्हें सम्मानित किया गया है।

> **न्यूक्लियर विद्युत** उन कुछ प्रौद्योगिकियों में से एक है जो विश्वसनीय, सस्ती और सुरक्षित बिजली प्रदान करते हुए जलवायु परिवर्तन से तुरंत निपट सकती है।
>
> -डॉ. केन काल्डेरा
> जलवायु वैज्ञानिक

Conclusion

The successful commissioning and operation of 540 MWe reactors paved the path for the design of 700 MWe reactors. The operating experience gained during the safe and reliable operation of TAPS-3&4 provided valuable inputs for 700 MWe design. The improvements based on the feedback from the operating experience of the 540 MWe reactors have been incorporated in the 700 MWe design. With safe and reliable operating experience of around 15 years of 540 MWe reactors, NPCIL is poised to enter an era of successful operation of 700 MWe reactors.

Randhir Kumar is a graduate Mechanical Engineer from BCE, Bhagalpur. He is from the first Batch of NPCIL Training School. He has worked in different capacity at NAPS and TAPS-3&4 in various areas such as Operation, Commissioning and Technical Services. His contribution to commissioning of Turbine Generator Systems and Process & Sea water systems at TAPS-3&4 are remarkable. He was instrumental in stabilising the initial operation of TAPS-3&4 by solving various teething problems. Later,he joined Technical Unit as Senior Technical Engineer (Nuclear). Presently, he is Technical Services Superintendent of TAPS-3&4. For his exceptional performance, he has been awarded NPCIL Excellence Award 2020 and NPCIL Special Contribution Award 2009. Also, he has been awarded NPCIL Group Achievement award in 2011, 2017 and 2019.

Ritesh Chandra Singh is a Chemical Engineer and Gold Medalist from Punjab Technical University. He is from the 10th batch of NPCIL Training School. After one-year induction training at RAPS and KAPS, he joined TAPS-3&4 in the year 2002. He contributed significantly to the commissioning of Primary Heat Transport and Emergency Core Cooling System of TAPS-3&4. Subsequently, he worked in Main Plant Operations in round-the-clock shift as a Control Engineer, Assistant Shift Charge Engineer and Shift Charge Engineer. Later, he joined Technical Unit as Senior Technical Engineer (Nuclear). His contributions were recognised by NPCIL management by awarding him with NPCIL High Performance "Young Executive Award 2011" and "Hindi Sevi Samman 2015."

> **NUCLEAR POWER** is one of the few technologies that can quickly combat climate change while providing reliable, affordable, and safe electricity.
>
> -**Dr. Ken Caldeira**
> Climate Scientist

Name: Painted Stork
Scientific Name: *Mycteria levcocephala*
Presence in our NPPs: Sighted at all NPPs

Photo Credit: R. Bayana

त्रिशूर स्थित 'विज्ञान सागर', विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क में न्यूक्लियर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का शिक्षण

डॉ. टी.आर.जी. कुट्टी, सलाहकार, 'विज्ञान सागर', विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क, त्रिशूर, केरल

प्रस्तावना

विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवप्रवर्तन, आर्थिक एवं सामाजिक विकास के वे महत्वपूर्ण घटक हैं जो देश के संधारणीय व समावेशी विकास में योगदान कर सकते हैं। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि देश के जन-समुदाय, विशेषतया छात्रों में प्रारंभिक अवस्था से ही वैज्ञानिक मानसिकता विकसित की जाए। किसी छात्र की वैज्ञानिक मानसिकता विकसित करने के लिए सर्वप्रथम व सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू यह है की उसकी प्रश्न पूछने, प्रत्यक्ष वास्तविकताओं का प्रेक्षण, परीक्षण, पूर्वअवधारणा, विश्लेषण व संप्रेषण की क्षमता सुनिश्चित करना आवश्यक है। हमारे लिए छात्रों में तार्किक और तर्कसंगत सोच का दृष्टिकोण विकसित करना यह एक चुनौती है। केरल के त्रिशूर के निकट रामवर्मापुरम में स्थित 'विज्ञान सागर' विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क ऐसा ही एक संस्थान है जिसकी परिकल्पना आम जनता के लिए वैज्ञानिक संप्रेषण के गतिशील माध्यम के रूप कार्य करने तथा प्राथमिक स्तर से लेकर स्नातक स्तर तक के छात्रों में जिज्ञासा का भाव व वैज्ञानिक मनोदशा विकसित करने के लिए की गई है। इस केंद्र का प्रमुख उद्देश्य सक्रिय विमर्श व भागीदारी के माध्यम से व्यापिक क्षेत्र को समाहित करने वाले वैज्ञानिक विषयों में आधारभूत अनुसंधान की प्रेरणा व प्रोत्साहन तथा सुविधा उपलब्ध कराना है। इस केंद्र का अन्यत उद्देश्य अन्य संस्थांनों से आने वाले आगंतुकों को विषय-वस्तु आधारित प्रदर्शनियों, संप्रेषणीय शैक्षिक कार्यकलापों व जन-पहुंच जैसे माध्यमों की सहायता से रुचि संवर्धन, शिक्षण व मनोरंजन प्रदान करना है।

विज्ञान सागर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क, त्रिशूर

चित्र-1: त्रिशूर स्थित विज्ञान सागर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क

'विज्ञान सागर', विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क, त्रिशूर जिला पंचायत के अंतर्गत कार्यरत एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यह केरल का सांस्कृतिक केंद्र कहे जाने वाले त्रिशूर के उपनगर में अवस्थित है। अभी हाल ही में त्रिशूर को यूनेस्को के अंतर्गत ग्लोबल नेटवर्क ऑफ लर्निंग सिटीज़ (जीएनएलसी) परियोजना में शामिल कर वैश्विक स्तर पर सम्मानित किया गया है। इस जीएनएलसी परियोजना से त्रिशूर, केरल के सांस्कृतिक केंद्र के अपने स्वरूप से तेजीसे आगे बढ़ते हुए एक "ज्ञानार्जन नगर" के रूप में प्रतिष्ठित हो जाएगा। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्यन में विज्ञान सागर को त्रिशूर व इसके निकटवर्ती क्षेत्रों में विज्ञान को बढ़ावा

Educating about Nuclear Science and Technology at 'Vigyan Sagar', Science & Technology Park at Thrissur

***Dr. T. R. G. Kutty,** Advisor, Vigyan Sagar Science & Technology Park, Thrissur, Kerala.*

Introduction

Science, technology and innovations are the key elements of economic and social development that can contribute to sustainable and inclusive development of the country. To achieve the above objectives, it is essential to develop a scientific temper among its masses, particularly students, from an early age onwards. The first and foremost aspect that is crucial when it comes to developing a student's scientific temper is to ensure his ability to inquire, observe physical reality, test, hypothesize, analyse, and communicate. The challenge for us is to inculcate an attitude of logical and rational thinking among the student community. Vigyan Sagar Science and Technology Park at Ramavarmapuram, near Thrissur, Kerala is such an institute designed to serve as a dynamic medium of science communication for the public and inculcating a sense of inquiry and scientific temperament in the minds of the students right from pre-school to post-graduate level. The major objectives of this centre are to pursue and promote and facilitate to do basic research in science, covering broad areas through active interaction and participation. The other objective of the centre is to engage, educate and entertain the visitors from various educational institutions through thematic exhibitions, interactive educational activities and outreach programs.

Fig. 1: Vigyan Sagar Science & Technology Park at Thrissur

Vigyan Sagar Science & Technology Park, Thrissur

Vigyan Sagar Science & Technology Park is a prestigious organisation under the auspices of Thrissur Jilla Panchayat. It is in the suburbs of Thrissur, which is regarded as the cultural capital of Kerala, and recently Thrissur has earned global recognition with its inclusion in the Global Network of Learning Cities (GNLC) project under United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization (UNESCO). The GNLC project will catapult Thrissur to a 'learning city'. In the above context, Vigyan Sagar has to play the leading

देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह, उभरते वैज्ञानिकों की आवश्यकताओं को छोटे पैमाने पर पूर्ण करने की चुनौती स्वीकार करेगा। यह केंद्र, युवा प्रतिभाओं के विचारों व कल्पनाओं को साकार करने के मंच के रूप में कार्य कर रहा है और रचनात्मक मष्तिष्कों के नवप्रवर्तनों को प्रोत्साहित करने व उनके विचारों को मूर्त करने के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है।

'विज्ञान सागर', विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क में छात्रों को सीखने व समझने के लिए अनेक सुविधाएं मौजूद हैं। इनमें, रसायन शास्त्र, भौतिकी, जीवविज्ञान, इलेकट्रॉनिक्स व गणित जैसे विषयों पर प्रयोग करने के लिए पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाएं, ऑडियो-विजुअल सुविधाओं युक्त आधुनिक कक्षा, लगभग 250 कुर्सियों वाला एक बड़ा ऑडीटोरियम तथा 125 कुर्सियों वाले दो छोटे ऑडीटोरियम हैं। यहां पर भौतिकी व रसायनशास्त्र के विभिन्न विषयों के मौलिक सिद्धांतों की व्याख्या करने लगभग 100 वैज्ञानिक उपकरण लगे हुए हैं जिन पर छात्र स्वयं प्रयोग प्रदर्शन कर सकते हैं। एक अत्याधुनिक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दीर्घा है जिसमें सभी प्रकार के रॉकेटों व उपग्रहों के मॉडलों व उनका विस्तृत विवरण प्रदर्शित किया गया है। एक नवीन शैलीकृत अंतरिक्ष पैवेलियन है जिसमे ब्रह्मांड की उत्पत्ति, तारों के जन्म व मृत्यु, आकाशगंगाओं के निर्माण, सौर मंडल के विवरण, अंतरिक्ष मिशनों का विवरण आदि अत्यंत विस्तार से प्रदर्शित किए गए हैं। साथ ही, एक मिनी थिएटर भी है जिसमें छात्रगण अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित फिल्में भी देख सकते हैं। एक षट-आयामी थियेटर भी कमीशनिंग की अग्रिम अवस्था में है।

चित्र-2: मुख्य प्रवेशद्वार के पास स्थित जीएसएलवी एमके3 रॉकेट मॉडल

चित्र-3: रसायन प्रयोगशाला

चित्र-4: षटकोणीय रैकों में रखे गए वैज्ञानिक उपकरण व उनके विवरण

role of propelling science in Thrissur and around its periphery. This centre is going to be a podium to articulate ideas and imaginations of young minds and will create a platform to promote innovation and help creative minds to converge their ideas.

Vigyan Sagar Science & Technology Park has a lot of facilities to offer for students to learn and assimilate. These include well-equipped laboratories for conducting experiments in subjects like chemistry, physics, biology, electronics and mathematics, an advanced classroom with audio-visual equipment, a big auditorium with a seating capacity of around 250 persons and two small auditoriums with a seating capacity of around 125 persons each. About 100 scientific equipment, which explain fundamental laws of physics and chemistry covering various topics are installed here, where students can themselves carry out scientific demonstrations. There is also a state-of-the-art Indian Space Research Organisation (ISRO) pavilion, where models of all types of rockets and satellites with detailed descriptions are exhibited. An avant-garde space pavilion, where full descriptions along with models about the origin of universe, birth and death of stars, formation of galaxies, details of solar systems, description of space missions, etc., are depicted in great detail with well-illustrated displays. Also, there is a mini theatre, where students can view films on space technology. A 6-D theatre is already in the advanced stage of commissioning.

Fig. 2: GSLV MK3 rocket model located near the main entrance

Fig.3: Chemistry laboratory

Fig.4: Scientific equipment with description arranged in hexagonal racks

न्यूक्लियर रिएक्टर मॉडल

उपर्युक्त सूची में नवीनतम संवर्धन, न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा प्रदान किया गया न्यूक्लियर रिएक्टर मॉडल है। नाभिकीय विद्युत संयंत्रों के बारे में आम जनता को शिक्षित करने के लिए यह अर्ध-चालित न्यूक्लियर पावर संयंत्र मॉडल एक बेहतर तरीका है। जुलाई 2022 में, काफी दर्शकों की उपस्थिति में यह मॉडल औपचारिक रूप से एनपीसीआईएल पदाधिकारियों द्वारा त्रिशूर जिला पंचायत को सौंपा गया। यह मॉडल, भारत के नवीनतम 700 मेगावाट विद्युत क्षमता वाले नाभिकीय दाबित भारी पानी रिएक्टरों (पीएचडब्यूलआर) का प्रतिरूप है। यह सैद्धांतिक मॉडल रिएक्टर बिल्डिंग व टर्बाइन बिल्डिंग को दर्शाता है। रंगीन रोशनियों के माध्यम से विद्युत संयंत्र के भीतर विखंडन को समझाया गया है। संयंत्र की कार्यप्रणाली को समझाने के लिए हिंदी, मलयालम व अंग्रेजी में कमेंटरी उपलब्ध है। दर्शकों के मन में नाभिकीय विद्युत संयंत्रों के पूर्णतया सुरक्षित होने का विश्वास जगाने के लिए इस मॉडल में अनेक संरक्षा उपायों को भी शामिल किया गया है। संस्थान के अध्यापकों को इस मॉडल व इसकी कार्यप्रणाली के बारे में प्रशिक्षित किया गया है (चित्र-5 देखें)। परमाणु ऊर्जा विभाग के विभिन्न संस्थानों से सेवानिवृत्त स्फूर्तिशील बुजुर्गों की सहायता से छात्रों को न्यूक्लियर विज्ञान व प्रौद्योगिकी के मौलिक तत्वों की जानकारी दी जा रही है। छात्रों को द्रव्यमान संबंधित ऊर्जा व नाभिकीय विखंडन व संलयन में अंतर के सिद्धांतों से परिचित कराया जाता है। उन्हें नाभिकीय विखंडन के आधारभूत तत्व-जिसमें कोई भारी नाभकीय-जैसे यूरेनियम, एक न्यूट्रान का अवशोषण करता है तो यह अस्थिर हो सकता है व टूट सकता है। इसके पश्चात उनसे, आइंस्टीन के समीकरण $E = mc^2$ के आधार पर किसी विखंडन से उत्पन्न ऊर्जा की गणना करने के लिए कहा जाता है। किसी विशिष्ट विखंडन में लगभग दो सौ मिलियन इलेक्ट्रॉन वोल्ट्स (200 MeV) ऊर्जा निस्सरित होती है। इसके विपरीत, अधिकतर रासायनिक ऑक्सीडेशन अभिक्रियाएं (जैसे कि कोयला जलाना) एक बार में केवल कुछ eV ही निस्सरित करती हैं। रिएक्टर में परमाणु के विखंडन से उत्पन्न ऊर्जा से पानी को वाष्प में बदला जाता है जिससे टर्बाइन घूमती है और बिजली बनती है। और यह सब बगैर किसी कार्बन ऊत्सर्जन के होता है क्योंकि रिएक्टरों में यूरेनियम का प्रयोग किया जाता है न कि किसी कोयले जैसे जीवाश्म ईंधन आदि का। न्यूक्लियर संयंत्र सदैव चलते रहते हैं और इन्हें अति गंभीर मौसमी दशाओं को सहने योग्य तथा ग्रिड को 24x7 सहायता उपलब्ध कराने योग्य रूप में तैयार किया जाता है। अंत में, नाभिकीय विद्युत संयत्रों के संरक्षा संबंधी पहलुओं पर प्रकाश डाला गया जिसमें प्रचालनीय संरक्षा, सुरक्षा, साइबर सुरक्षा व आपात तैयारियों के बारे में बताया जाता है। (चित्र-6 व चित्र-7 देखें)

चित्र-5: एनपीसीआईएल अधिकारी द्वारा अध्यापकों को न्यूक्लियर रिएक्टर मॉडल के बारे में प्रशिक्षण देते हुए

चित्र-6: विज्ञान सागर के अध्यापकों द्वारा छात्रों के लिए रिएक्टर मॉडल की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन करते हुए

Nuclear Reactor Model

The latest addition to the above list is a nuclear reactor model gifted by Nuclear Power Corporation of India limited (NPCIL). This semi-dynamic nuclear power plant model is one of the best tools to educate the general public about nuclear power plants. This model was formally handed over by NPCIL officials to Thrissur Jilla Panchayat in a well-attended function at Thrissur in July 2022. The model represents the latest type of nuclear reactor of India, a Pressurised Heavy Water Reactor (PHWR) of 700 MW capacity. This conceptual model displays the reactor building and turbine building. Through colourful lighting, the process of fission in the power plant is explained. Voice commentaries in English, Hindi and Malayalam are available to explain the working of the plant. Various safety features are incorporated in the model to build confidence in visitors that nuclear power plants are safe. The teachers of the institute have been given training about the model and its working (see Fig. 5). With the help of tireless veterans, who had retired from various establishments of the Department of Atomic Energy, students have been taught the basics of nuclear science and technology.

The students are introduced to the concepts of mass defect, binding energy and differences between nuclear fission and fusion. They are taught the basics of nuclear fission, where the nucleus of a heavy atom–such as uranium–absorbs a neutron, the nucleus can become unstable and split. They are then asked to calculate the amount of energy released in a fission reaction using Einstein's equation $E = mc^2$. Typical fission events release about two hundred million eV (200 MeV) of energy. In contrast, most chemical oxidation reactions (such as burning coal) release at most a few eV per event. The energy comes from splitting atoms in a reactor to heat water into steam, turn a turbine and generate electricity, all without carbon emissions because nuclear reactors use uranium, not fossil fuels like coal. The nuclear plants are always on and built to withstand extreme weather, supporting the grid 24x7. Finally, the safety aspects of nuclear power plants are briefed with the emphasis that nuclear power plants maintain the highest standard for operational safety, security, cybersecurity, and emergency preparedness (See Fig. 6 and Fig. 7).

Fig. 5: NPCIL official giving training to teachers about the Nuclear Reactor Model

Fig. 6: Teacher at Vigyan Sagar demonstrating the working of the reactor model to the students

चित्र-7: न्यूक्लियर रिएक्टर की कार्यप्रणाली की कमेंटरी सुनते हुए छात्रगण

बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न

अनेक छात्र, विशेष रुप से हायर सेकेंडरी कक्षाओं के छात्र भारत के नाभिकीय विद्युत कार्यक्रम के बारे में जानने के बहुत उत्सुक रहते हैं और अक्सर अनेक प्रश्न पुछते हैं। छात्रों द्वारा बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्नों में हैं, जैसे कि: 1) क्या नाभिकीय विद्युत स्थल आतंकवादियों से सुरक्षित हैं? 2) हम, नाभिकीय अपशिष्ट का भंडारण किस प्रकार करते हैं? 3) हम इस अपशिष्ट का परिवहन कैसे करते हैं? 4) क्या नाभिकीय विद्युत संयंत्र की लागत जायज है? 5) क्या नाभिकीय के खतरे, हमारे दैनिक जीवन में प्रतिदिन आने वाले खतरों से भिन्न हैं? 6) केरल की रेत में पाए जाने वाले थोरियम का उपयोग क्यों नहीं किया जाता है? 7) विद्यालय के पाठ्यक्रम में नाभिकीय ऊर्जा का पाठ शामिल क्यों नहीं किया जाता है? 8) नाभिकीय ऊर्जा का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है? 9) नाभिकीय ऊर्जा के बारे में सबसे अधिक ज्वलंत मुद्दे क्या हैं? 10) विकिरण को मापने के लिए इतनी अधिक इकाइयां जैसे सीवर्ट, रेम, ग्रे, रैड्स, बेक्यूरेले, क्यूरी व रोएंटजेन्स क्यों प्रचलित हैं?

निष्कर्ष अभ्युक्तियां

विज्ञान सागर में संस्थापित नाभिकीय रिएक्टर मॉडल ने छात्रों में नई रुचि जाग्रत की है। प्रदर्शन देखने के बाद, उनमें से अधिकतर आश्वस्त हो चुके हैं कि नाभिकीय विद्युत, भारी मात्रा में कार्बन मुक्त विद्युत के उत्पादन से पर्यावरण की रक्षा करती है। प्रचलित भ्रांतियों के आधार पर न्यूक्लियर विद्युत की सुरक्षा के बारे में आम जनता में कई आशंकायें हैं। नाभिकीय रिएक्टर मॉडल की सहायता से जन सामान्य व छात्रों को मौसम परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जागरुक किया जा रहा है और ग्रीनहाउस गैसों को कम करने के लिए विश्व को यथाशीघ्र जीवाश्म् ईंधन पर अपनी निर्भरता को कम कर लेनी चाहिए। न्यूक्लियर ऊर्जा अल्प्-कार्बन वाली है और इसे आवश्यक समय-सीमा में व्याापक पैमाने पर विनियोजित किया जा सकता है जिससे विश्व को स्वच्छ, विश्वसनीय व आर्थिक रूप से व्यवहार्य विद्युत आपूर्ति की जा सके।

विज्ञान सागर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क, छात्रों को जीवन की समस्याओं को हल करने में वैज्ञानिक तरीकों के प्रयोग के प्रति जागरुक करते हुए उपर्युक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पूर्णतया तैयार है। कुछ शब्दों में कहा जाए तो, विज्ञान सागर, त्रिशूर व उसके निकटवर्ती क्षेत्रों के लोगों के रहन सहन की बेहतरी के लिए किए जाने वाले वैज्ञानिक कार्यकलापों का केंद्र बिंदु बन गया है। छात्रों को, उनके निर्णयों में वैज्ञानिक पद्धतियों जैसे, परीक्षण व प्रयोग के बगैर किसी बात को स्वीकार न करना, नवीन तथ्यों के आधार पर पुराने निष्कर्षों को बदलने की क्षमता, प्रेक्षित तथ्यों पर विश्वास व पूर्व-निर्धारित अवधारणाओं पर विश्वास न करना आदि को अपनाने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है।

> वर्तमान में, देश भर के विभिन्न विज्ञान केंद्रों में और 35 एनपीपी मॉडल मौजूद हैं।

चित्र-8: ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान डॉ. कलाम की मूर्ति के समक्ष एकत्रित छात्र व शिक्षकगण

Fig. 7: Students listening to the commentary on the working of a nuclear reactor

Questions Often Asked

Many of the students, especially from higher secondary classes, are very curious to know about India's nuclear power programme and often they raise several questions. The questions frequently asked by students are: 1) Are nuclear reactor sites terrorist proof? 2) How is nuclear waste stored? 3) How is nuclear waste transported? 4) Are nuclear power plants worth the costs? 5) Are nuclear hazards different from other hazards that we face every day? 6) Why is thorium, found in the beach sands of Kerala, is not utilised? 7) Why is nuclear energy not included in school syllabus? 8) How does nuclear energy impact the environment? 9) What are the most contentious issues surrounding nuclear energy? 10) Why are there so many units like Sievert, rem, rad, gray, becquerel, curie, and roentgen to measure radiation?

Concluding Remarks

The nuclear reactor model installed in Vigyan Sagar has evinced new interest among the students. After viewing the demonstration, they are convinced that nuclear energy protects the environment by producing massive amounts of carbon-free electricity. There is a common apprehension among the general public about the safety of nuclear power based on prevailing misconceptions. With the help of Nuclear Reactor Model, public and students are made aware of the impacts of climate change and the urgent need for global reduction in dependency on fossil fuels in order to reduce greenhouse gas emissions. Nuclear energy is a low-carbon source of electricity and can be deployed on a large scale at the required timescale, supplying the world with clean, reliable, and affordable electricity.

Vigyan Sagar Science & Technology Park stands tall in achieving the above objectives, making thousands of students aware of the need of a scientific approach in dealing with the problems of life. In a nutshell, VigyanSagar has become a fulcrum of scientific activities for the benefits of people living in and around Thrissur. Students are trained to employ a scientific method of decision-making, like the refusal to accept anything without testing and trial, the capacity to change previous conclusions in the face of new evidence, the reliance on observed fact and not on pre-conceived notions, etc.

> As of now, 35 more NPP models are present in different science centres across the country.

Fig. 8: Students and teachers assemble in front of Dr. Kalam's bust during a summer camp

कारवार के उप-क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र में लघु न्यूक्लियर दीर्घा की स्थापना

डॉ. संजीव देशपांडे, *प्रमुख, उप-क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, कारवार, कर्नाटक*

विज्ञान केंद्र छात्रों की जिज्ञासा को बढ़ावा देते हैं और उन्हें विज्ञान के बारे में और अधिक जानने के लिए प्रेरित करते हैं। कर्नाटक सरकार द्वारा उत्तर कन्नड़ जिले के प्रशासन के साथ मिलकर दिनांक 1 जून, 2017 को कारवार स्थित उप-क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई। इस केंद्र में एक सहज विज्ञान दीर्घा है जिसमें छात्र विज्ञान से संबंधित विषयों को सरल व प्रभावी ढंग से सीख सकते हैं। इसके अलावा, इस केंद्र में एक आउटडोर विज्ञान पार्क, मीठे पानी की अनेक प्रकार की मछलियों वाला एक मछलीघर और संग्रहालय भी है।

हाल ही में कैगा साईट ने मुंबई मख्यालय के सहयोग से इस केंद्र में एक लघु न्यूक्लियर दीर्घा का अभिकल्पन व विकास किया। इस दीर्घा का उद्घाटन दिनांक 11 नवंबर, 2020 को श्री सत्यनारायण, स्थल निदेशक, एनपीसीआईएल कैगा द्वारा किया गया। लोगों को नाभिकीय विद्युत संयंत्र के लाभों के बारे में जानकारी देने के लिए इस दीर्घा में, रिएक्टर व टर्बाइन मॉडल तथा नाभिकीय विद्युत के समेकित स्रोतों, भारत के नाभिकीय विद्युत संयंत्रों व परियोजनाओं, पर्यावरण संधारणीयता कार्यक्रमों, भारत में नाभिकीय उर्जा संयंत्रों की संरक्षा और भारत के त्रि-चरणीय न्यूक्लियर कार्यक्रमों के बारे में सूचनाएं भी रखी गई हैं।

Miniature Nuclear Gallery at Sub-Regional Science Centre, Karwar

Dr. Sanjeev Deshpande, *Head, Sub-Regional Science Centre, Karwar, Karnataka*

Science centres provide impetus to the curiosity of students and inspire them to learn more about science. Govt. of Karnataka in association with District Administration of Uttara Kannada set up a Sub-Regional Science Centre at Karwar on June 1, 2017. The centre has a Fun Science Gallery, where students can learn science, in an easy and effective way. Besides this, the centre also has an outdoor science park, a marine museum and aquarium with different fresh water fish varieties.

Recently, Kaiga site with the help of HQ, Mumbai has designed and developed a Miniature Nuclear Gallery at the Centre. The gallery was inaugurated on Novemnber 11, 2020 by Mr. Satyanarayana, Site Director, NPCIL, Kaiga. The Gallery has information about reactor and turbine model and is a consolidated source of information on nuclear power, nuclear power plants and projects in India, environmental sustainability programs, safety of nuclear power plants in India and three stages of India's nuclear power program to make people aware of the benefits of a nuclear power plant.

श्री राजेंद्र कुमार गुप्ता, स्थल निदेशक, एनपीसीआईएल कैगा व श्री मुल्लांई मुहिलन, आईएएस, उपायुक्त उत्तर कन्नड एवं अध्यक्ष उप-क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र कारवार द्वारा दिनांक 25 फरवरी, 2022 को 700 मेगावाट नाभिकीय संयंत्र मॉडल का उद्घाटन किया गया। इस मॉडल में, हिंदी, अंग्रेजी व कन्नड़ भाषा में ऑडियो विजुअलों के माध्यम से यूरेनियम के उपयोग से विद्युत उत्पादन का वर्णन किया गया है। इसके साथ ही इस दीर्घा में, भारत के नाभिकीय संयंत्रों से संबंधित चार्ट, नाभिकीय संयंत्रों की संरक्षा व साथ ही न्यूक्लियर रिएक्टरों से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों का विवरण भी उपलब्ध है।

उद्घाटन के बाद से इस दीर्घा में देश भर से बड़ी संख्या में आगंतुकों ने भ्रमण किया है। यह दीर्घा आगंतुकों (विशेषकर छात्रों और अध्यापकों) को कैगा नाभिकीय संयंत्र के कार्यकलापों, बिजली उत्पादन आदि की गति विधियों को समझने में मदद करती है। इस पहल के साथ, कैगा, उत्तर कन्नड़ जिले में विज्ञान के बारे में जागरुकता पैदा करने और इसे लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

> सार्वजनिक जागरुकता के लिए भारत भर में अब तक 13 लघु न्यूक्लियर दिर्घा स्थापित की गई हैं।

Mr. Rajendra Kumar Gupta, Site Director, NPCIL, Kaiga and Mr. Mullai Muhilan, I.A.S. Deputy Commissioner, Uttara Kannada and Chairman Sub-Regional Science Centre, Karwar inaugurated a 700 MW Nuclear Reactor Model on February 25, 2022. The model has audio-visuals in English, Hindi and Kannada languages, explaining about the generation of electricity using uranium. Apart from this, the gallery also has an information charts about nuclear reactors in India, safety of nuclear reactors and also their impact on the environment.

Since its inauguration, the gallery has attracted a large number of visitors from all over the country. The gallery is helping the visitors (especially students and teachers) to understand the activities of Kaiga nuclear reactors, electricity generation etc. With this initiative, Kaiga is playing important role in creating awareness and popularisation of science in Uttara Kannada district.

> 13 Miniature Nuclear Galleries across India have been established for Public Awareness, as of now.



Name: Jungle Babbler

Scientific Name: *Argya striata*

Presence in our NPPs*: NAPS, GHAVP, KAPS, RAPS, KGS, MAPS

**at our sites located at Narora (Uttar Pradesh), Gorakhpur (Haryana), Kakrapar (Gujarat), Rawatbhata (Rajasthan), Kaiga (Karnataka), Kalpakkam (Tamilnadu)*

Photo Credit: R. Bayana

रूपपुर न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र यूनिट-1 में निष्क्रिय ऊष्मा निष्कासन प्रणाली का संस्थापन सम्पन्न

रूपपुर न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र (एनपीपी) की इकाई-1 में निष्क्रिय ऊष्मा निष्कासन प्रणाली (पीएचआरएस) के आठ ऊष्मा विनिमायक का संस्थापन पूरा हो गया है। यह बांग्लादेश का पहला एनपीपी है, जिसे रूस के सरकारी परमाणु ऊर्जा निगम रोसाटॉम द्वारा बनाया जा रहा है।

रोसाटॉम इंजीनियरिंग डिवीजन के संचार प्रभाग द्वारा हाल ही में जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रत्येक ऊष्मा विनिमायक 32 टन से अधिक वजन वाली एक धातु संरचना है, जिसकी लंबाई 8,530 मीटर और चौड़ाई 5,904 मीटर है।

पीएचआरएस एक निष्क्रिय सुरक्षा प्रणाली है, जो बिजली आपूर्ति के सभी स्रोतों की अनुपस्थिति में रिएक्टर कोर से वायुमंडल में गर्मी के दीर्घकालिक निष्कासन को सुनिश्चित करती है।

"जब सिस्टम चालू होता है, तो वायुमंडलीय हवा पीएचआरएस ऊष्मा विनिमायक में प्रवेश करती है, जो इसे एक तरफ से ठंडा करती है, जबकि भाप जनरेटर से भाप हीट एक्सचेंजिंग ट्यूबों के अंदर संघनित होती है," रोसाटॉम इंजीनियरिंग डिवीजन के उपाध्यक्ष और रूपपुर एनपीपी निर्माण परियोजना के निदेशक एलेक्सी डेरी ने बताया। तत्पश्चात, जुलाई में इकाई-1 में वेंटिलेशन पाइप की स्थापना की गई।

रूपपुर संयंत्र ढाका से लगभग 160 किमी उत्तर-पश्चिम में पबना के ईश्वरडी उपजिला में रोसाटॉम द्वारा बनाया जा रहा है। इसमें दो VVER-1200 संयत्र शामिल होंगे।

नवंबर 2011 में, रूस और बांग्लादेश ने इस एनपीपी के निर्माण में सहयोग पर एक अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए और दिसंबर 2015 के मध्य में एक सामान्य अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। यूनिट-1 का निर्माण नवंबर 2017 में और यूनिट-2 का निर्माण जुलाई 2018 में शुरू हुआ। अगस्त 2019 में अंतिम रूप दिए गए।

अनुबंध के तहत रोसाटॉम द्वारा संयंत्र को ईंधन प्रदान किए जा रहे हैं, और डिलीवरी को मंजूरी देने वाले अंतिम प्रोटोकॉल पर मई में हस्ताक्षर किए गए थे। संयंत्र में ईंधन प्रसंस्करण के लिए रूस को वापस कर दिया जाएगा। इससे पहले अगस्त में, बांग्लादेश परमाणु ऊर्जा आयोग ने रूपपुर यूनिट-1 में प्रारंभिक ईंधन लोडिंग के लिए रूस के नोवोसिबिर्स्क केमिकल कॉन्सेंट्रेट प्लांट (रोसाटॉम की ईंधन कंपनी टीवीईएल का हिस्सा) में न्यूक्लियर ईंधन का निरीक्षण किया था।

स्रोत: द बिजनेस स्टैंडर्ड

Passive Heat Removal System Installed at Rooppur Nuclear Power Plant Unit-1

The installation of eight heat exchangers of the Passive Heat Removal System (PHRS) has been completed in Unit-1 of the Rooppur Nuclear Power Plant (NPP), Bangladesh's first-ever nuclear power plant being built by Rosatom – Russia's state-run nuclear power corporation.

Each heat exchanger, a metal structure weighing over 32 tonnes, has a length of 8,530 metres and a width of 5,904 metres, reads a statement recently issued by the Communication Division of Rosatom Engineering Division.

The PHRS is a passive safety system that ensures the long-term removal of heat from the reactor core into the atmosphere in the absence of all sources of power supply.

"When the system is operational, atmospheric air enters the PHRS heat exchanger, which cools it down at one side, while the steam from the steam generator condenses inside the heat exchanging tubes," explained Alexey Deriy, the Vice President of Rosatom Engineering Division and Director for Rooppur NPP Construction Project. Subsequently, ventilation pipes were installed in Unit-1 in July.

The Rooppur plant is being built by Rosatom in Ishwardi sub-district of Pabna, about 160 km northwest of Dhaka. It will comprise two VVER-1200 reactors.

In November 2011, Russia and Bangladesh signed an Inter-Governmental Agreement on cooperation in the construction of the NPP and a general contract was signed in mid-December 2015. Construction of Unit-1 began in November 2017 and Unit-2 in July 2018.

All the plant's fuel is being provided by Rosatom under a contract finalised in August 2019, and the final protocol, approving delivery, was signed in May. The fuel in the plant will be returned to Russia for processing. Earlier in August, the Bangladesh Atomic Energy Commission inspected nuclear fuel at Russia's Novosibirsk Chemical Concentrates Plant (part of Rosatom's Fuel Company TVEL), for the initial fuel

Source: The Business Standard

चीन की फंडिंग संबंधी चिंताओं के बावजूद ब्रिटेन न्यूक्लियर विद्युत के लिए 'प्रतिबद्ध' हैं

यूके सरकार एक प्रमुख ऊर्जास्रोत के रूप में न्यूक्लियर विद्युत को बढ़ावा देने के लिए "पूरी तरह से प्रतिबद्ध" है, लेकिन क्षेत्र के प्रभारी मंत्री के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है क्योंकि नए संयंत्रों में चीनी निवेश चिंताएं बढ़ाता है।

वैश्विक उद्योग निकाय, वर्ल्ड न्यूक्लियर एसोसिएशन के अनुसार, यू. के. के अधिकांश मौजूदा न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र इस दशक के अंतः तक सेवा निवृत्त हो जाएंगे, जबकि नई पीढ़ी के रिएक्टर अभी भी निर्माणाधीन हैं।

इस निर्माण अभियान को उत्साहित जनभावना गति दे रही है। पिछले महीने, सरकार ने 157 मिलियन पाउंड ($200 मिलियन) के अनुदान फंडिंग पैकेज के साथ, ब्रिटेन में न्यूक्लियर विद्युत का तेजी से विस्तार करने के लिए एक नई संस्था की स्थापना की।

देश का लक्ष्य 2050 तक देश की 25% बिजली न्यूक्लियर विद्युत से प्राप्त करना है, जो पिछले वर्ष लगभग 15% थी। नवीकरणीय और जीवाश्म ईंधन, प्रत्येक की हिस्सेदारी अब लगभग 40% है।

न्यूक्लियर और नेटवर्क मंत्री श्री एंड्रयू बॉवी ने कहा, "ब्रिटिश सरकार लगभग तीन दशकों के कम निवेश के बाद, नए न्यूक्लियर विद्युत संयंत्रों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम एक ऐसे उद्योग का पुनर्निवेश और पुनरुद्धार कर रहे हैं जिसपर ब्रिटेन में उतना ध्यान नहीं दिया जितना दिया जाना चाहिए।" हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, "कुल मिलाकर, विदेशी निवेशकों के लिए भी हमारे दरवाजे खुले हैं।"

श्री बॉवी इस क्षेत्र को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए फरवरी में देश के पहले परमाणु मंत्री बने।

लेकिन नए निवेश के आसपास "कुछ नियम" होंगे जो "राष्ट्रीय सुरक्षा निहितार्थों के संबंध में स्पष्ट चेतावनियों" के साथ रूसी निवेशकों और अन्य लोगों को बाहर कर देंगे, श्री बॉवी ने कहा।

यूरोपीय एजेंडे में ऊर्जा सुरक्षा के बढ़ते महत्व के साथ, श्री बॉवी ने कहा, "पीढ़ियों में पहली बार, ब्रिटिश लोग न्यूक्लियर विद्युत को सकारात्मक दृष्टि से देखते हैं। वे हमारी ऊर्जा बेस लोड को सुरक्षित करने के साधन तथा नेट ज़िरो कार्बन उत्सर्जन के रूप में न्यूक्लियर का समर्थन करते हैं, क्योंकि यह ऊर्जा का एक स्वच्छ स्रोत है।"

यूके सरकार ने आठ नए रिएक्टर बनाने की योजना की घोषणा की है। हालाँकि, लंदन और बीजिंग के बीच तनाव पूर्ण संबंधों को देखते हुए, पहले से ही चल रही प्रमुख परियोजनाएँ चीनी निवेशकों से फंडिंग को लेकर विवाद में फंस गई हैं।

चीन के राज्य के स्वामित्व वाले उद्यम 'सीजीएन' के पास शुरू में 3.2 गीगावाट साइज़वेल-सी न्यूक्लियर संयंत्र में 20% हिस्सेदारी थी, जिससे उम्मीद थी कि यह 6 मिलियन घरों को बिजली देने के लिए पर्याप्त बिजली पैदा करेगा। इस परियोजना का नेतृत्व फ्रांसीसी राज्य के स्वामित्व वाले ऊर्जा समूह ईडीएफ कर रहा है।

लेकिन सरकार ने पिछले साल सीजीएन की हिस्सेदारी वापस खरीदने का फैसला किया, परियोजना में खुद निवेश करने और ईडीएफ के साथ पावर स्टेशन को संयुक्त रूपसे नियंत्रित करने का विकल्प चुना, क्योंकि सांसदों ने महत्वपूर्ण ब्रिटिश बुनियादी ढांचे में चीनी भागीदारी पर चिंता जताई थी।

पिछले साल लागू एक कानून के अनुसार, सरकार न्यूक्लियर क्षेत्र में विदेशी निवेश और अधिग्रहण की जांच और हस्तक्षेप करने के लिए अधिकृत है, जो अर्थव्यवस्था का एक "संवेदनशील" क्षेत्र है और जो संभावित रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करता है ।

स्रोत: निक्केईएशिया

U.K. 'Committed' to Nuclear Power Despite China Funding Concerns

The U.K. Government is "fully committed" to promoting nuclear power as a major energy source, but national security is paramount as Chinese investment in new plants raises concerns, according to the minister in charge of the sector.

According to the World Nuclear Association, a global industry body, the U.K. Most of the existing nuclear power plants in the U.S. will be retired by the end of this decade, while new generation reactors are still under construction.

Upbeat public sentiment is adding momentum to the construction drive. Last month, the Government set up a new body dedicated to rapidly expanding nuclear power in Britain, along with a grant funding package worth 157 million pounds ($200 million).

The country aims to get 25% of the country's electricity from nuclear by 2050, up from about 15% last year. Renewables and fossil fuels now account for about 40% each.

"The British government is fully committed to new nuclear plants, after about three decades of underinvestment. We are reinvesting and revitalizing an industry which has not received as much attention as it should in the U.K.", Minister for Nuclear and Networks Mr. Andrew Bowie said in a recent interview. "Overall, we are open to investors from overseas," he added.

Mr. Bowie became the country's first-ever nuclear minister in February, underlining its commitment to boosting the sector.

But there would be "certain rules" around new investment that would rule out Russian investors and others, with "obvious caveats regarding national security implications," Mr. Bowie said.

With energy security rising up the European agenda, Mr. Bowie said, "For the first time in generations, the British people view nuclear in a positive light. They are supportive of nuclear power as a means of securing our energy baseload, but also getting to net-zero carbon emissions, because it is a clean source of energy."

The UK Government has announced plans to build as many as eight new reactors. However, major projects already underway are mired in controversy over funding from Chinese investors, given tense relations between London and Beijing.

China's state-owned CGN initially held a 20% stake in the 3.2 gigawatt Sizewell-C nuclear plant, which, it is hoped, will generate enough electricity to power 6 million homes. The project is led by French state-owned energy group EDF.

But the Government last year decided to buy back CGN's stake, opting to invest in the project itself and jointly control the power station with EDF, as lawmakers raised concerns over Chinese involvement in critical British infrastructure.

The Government is authorized to scrutinize and intervene in foreign investment and acquisitions in the nuclear sector, a "sensitive" area of the economy that potentially affects national security, according to a law enacted last year.

Source: NikkeiAsia

देवू ईएंडसी और केएईआरआई न्यूक्लियर टेक रिसर्च के लिए साथ जुड़े

दक्षिण कोरिया की देवू इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी (देवू ईएंडसी) ने घोषणा की है कि उसने कोरिया परमाणु ऊर्जा अनुसंधान संस्थान (केएईआरआई) के साथ एक शोध सहयोग समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। वे उन्नत परमाणु अनुसंधान और विकास के साथ-साथ नई परियोजनाओं की खोज के लिए सहयोग करने पर सहमत हुए हैं।

सहयोग के मुख्य क्षेत्रों में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (300,000 किलोवाट की उत्पादन क्षमता के साथ) और विदेशी अनुसंधान रिएक्टर, साथ ही खर्च किए गए न्यूक्लियर ईंधन के भंडारण और निपटान के लिए प्रौद्योगिकी शामिल हैं।

उन्होंने संयुक्त अनुसंधान, कर्मियों के आदान-प्रदान और अनुसंधान सुविधाओं और उपकरणों के साझा उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया। इसके अतिरिक्त, वे संयुक्त रूप से अनुसंधान सहयोग के क्षेत्र में उन्नत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी परियोजनाएं शुरू करेंगे, जिसमें देवू ईएंडसी डिजाइन और अनुसंधान कर्मियों में निवेश करने की योजना बना रहा है।

इस साल जून की शुरुआत में, देवू ईएंडसी ने संयुक्त विदेशी न्यूक्लियर परियोजना विकास के लिए केईपीसीओ प्लांट सर्विस एंड इंजीनियरिंग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और पिछले महीने एसके इकोप्लांट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

देवू ईएंडसी के एक सूत्र ने कहा, "कोरिया परमाणु ऊर्जा अनुसंधान संस्थान के साथ एमओयू के माध्यम से, हम उन्नत न्यूक्लियर प्रौद्योगिकी अनुसंधान और विकास में भाग लेने, मौलिक प्रौद्योगिकी को सुरक्षित करने और नए व्यापार अवसरों की खोज को बढ़ावा देने की योजना बना रहे हैं।"

स्रोत: द कोरिया इकोनॉमिक डेली

आईएईए ने अहमदु बेलो विश्वविद्यालय के लिए N150m न्यूक्लियर उपकरण का अधिग्रहण किया

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने अहमदु बेलो विश्वविद्यालय के ऊर्जा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र (सीईआरटी) में नाइजीरिया रिसर्च रिएक्टर-1 (एनआईआरआर-1) के उन्नत इंस्ट्रुमेंटेशन और कंट्रोल सिस्टम (आई एंड सी) की स्थापना के लिए न्यूक्लियर अनुसंधान उपकरण हासिल कर लिए हैं। 2022 में जारी आईएईए खरीद आदेश के तहत, अनुसंधान रिएक्टरों के डिजाइनर, चीन परमाणु ऊर्जा संस्थान, बीजिंग से N150m मूल्य के उपकरण खरीदे गए थे।

कुछ वर्ष पहले सीईआरटी के कंप्यूटर नियंत्रण कंसोल के नष्ट होने के बाद आईएईए द्वारा उपकरण का दान दिया गया। इसके बाद केंद्र में उन्नत प्रणालियों की स्थापना के लिए चीनी विशेषज्ञों की चार सदस्यीय टीम केंद्र में पहुंची, जो अब शुरू हो गई है।

केंद्र के निदेशक, प्रोफेसर संडे जोनाह, जिनके नेतृत्व में चीनी विशेषज्ञ कुलपति प्रोफेसर कबीरु बाला से मिले, ने कहा कि पूरा होने पर, यह परियोजना संचालन, सुरक्षा और उपयोग के मामले में अनुसंधान रिएक्टरों की क्षमताओं में वृद्धि करेगी।

कुलपति प्रोफेसर कबीरु बाला चीनी विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, और इस बात पर जोर दिया कि यह परियोजना केंद्र में की जा रही अनुसंधान गतिविधियों में काफी मूल्य जोड़ेगी।

चीनी टीम के नेता, चीन परमाणु ऊर्जा संस्थान के अनुसंधान रिएक्टर विभाग के प्रोफेसर यिगुओ ली ने उनके स्वागत के लिए कुलपति को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे अगले दस दिनों तक विश्वविद्यालय में ही रहेंगे।

स्रोत: डेली ट्रस्ट

Daewoo E&C, KAERI to Team Up for Nuclear Tech Research

South Korea's Daewoo Engineering & Construction Co. (Daewoo E&C) has announced that it signed a research collaboration memorandum of understanding (MOU) with the Korea Atomic Energy Research Institute (KAERI).

They agreed to collaborate for advanced nuclear research and development as well as the exploration of new projects.

The main areas of cooperation include Small Modular Reactors (with a generation capacity of 300,000 kW) and overseas research reactors, as well as technology for the storage and disposal of spent nuclear fuel.

They decided to promote joint research, exchange of personnel, and shared utilisation of research facilities and equipment. Additionally, they will jointly undertake advanced national technology projects in the field of research collaboration, with Daewoo E&C planning to invest in design and research personnel.

Earlier in June this year, Daewoo E&C signed an MOU with KEPCO Plant Service & Engineering for joint overseas nuclear project development and last month signed an MOU with SK Ecoplant.

"Through the MOU with the Korea Atomic Energy Research Institute, we plan to participate in advanced nuclear technology research and development, secure fundamental technology and drive the exploration of new business opportunities," a Daewoo E&C source said.

Source: The Korea Economic Daily

IAEA Acquires N150m Nuclear Equipment for ABU

The International Atomic Energy Agency (IAEA) has acquired nuclear research equipment for installation of the upgraded Instrumentation and Control System (I&C) of the Nigeria Research Reactor-1 (NIRR-1) at Ahmadu Bello University's Centre for Energy Research and Training (CERT).

The equipment, worth N150m, was procured from the China Institute of Atomic Energy, Beijing, the designers of the research reactors, under the IAEA Purchase Order issued in 2022.

The donation of the equipment by IAEA followed the destruction of CERT's Computer Control Console some years ago.

This followed the arrival of a four-member team of Chinese experts to the Centre for the installation of the upgraded systems at the Centre, which has begun now.

The Director of the Centre, Prof. Sunday Jonah, who led the Chinese experts to the Vice-Chancellor, Prof. Kabiru Bala, said that when completed, the project will increase the capabilities of the research reactors in terms of operations, safety and utilisation.

Responding, the Vice-Chancellor expressed delight over the arrival of the Chinese experts for the installation, stressing that the project would greatly add value to the research activities being carried out at the Centre.

Leader of the Chinese team, Prof. Yiguo Li, of the Research Reactors Department, China Institute of Atomic Energy, thanked the Vice-Chancellor for the warm reception, saying that they would be in the University for the next ten days performing the installation.

Source: Daily Trust

न्यूक्लियर संलयन हमारी दुनिया को बदल सकता है

नेशनल इग्निशन फैसिलिटी के शोधकर्ताओं ने घोषणा की, कि उन्होंने संलयन प्रतिक्रिया में शुद्ध ऊर्जा लाभ हासिल कर लिया है। यह हमें हरित और सुरक्षित ऊर्जा का असीमित स्रोत प्रदान कर सकता है।

न्यूक्लियर संलयन हमें हरित और सुरक्षित ऊर्जा का असीमित स्रोत प्रदान कर सकता है इन संभावनाओं की कल्पना मात्र करें।

न्यूक्लियर संलयन

30 जुलाई, 2023 को, कैलिफोर्निया के लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी में स्थित नेशनल इग्निशन फैसिलिटी के शोधकर्ताओंने घोषणा की थी कि उन्होंने संलयन प्रतिक्रिया में शुद्ध ऊर्जा लाभ हासिल किया है। दूसरे शब्दों में, वे इस प्रक्रिया में उपभोग से अधिक ऊर्जा उत्पन्न करने में कामयाब रहे।

इस फैसिलिटी के शोधकर्ताओं ने यह दूसरी बार कर दिखाया – फैसिलिटी ने पिछले साल दिसंबर में भी यह उपलब्धि हासिल की थी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शुद्ध लाभ की मात्रा इसबार अधिक थी। शुद्ध ऊर्जा लाभ वाणिज्यिक संलयन ऊर्जा को संभव बनाने के लिए अति महत्वपूर्ण है। इस संभावना ने नीति निर्माताओं में भी उम्मीदें जगा दी हैं। अमेरिकी ऊर्जा सचिव जेनिफर ग्रैन होम ने कहा, "यह सफलता 21वीं सदी की सबसे प्रभावशाली विज्ञान उपलब्धियों में से एक थी"।

न्यूक्लियर संलयन में किसी भी ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन नहीं होता है और बहुत कम ईंधन के साथ बहुत अधिक ऊर्जा पैदा होती है। न्यूक्लियर संलयन के माध्यम से ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन का उपयोग होता है जो कि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इसलिए न्यूक्लियर संलयन असीमित टिकाऊ ऊर्जा के लिए मानवता की खोज को हल कर सकता है।

दिसंबर के प्रयोग में, 2.05 मेगाजूल के उपयोग से उत्पादित ऊर्जा 3.15 मेगाजूल थी। जुलाई परीक्षण डेटा के प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि शुद्ध लाभ और भी अधिक था।

आईआईटी मद्रास के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर रत्नकुमार अन्नबट्टुला कहते हैं, "न्यूक्लियर संलयन में शुद्ध ऊर्जा लाभ प्राप्त करना भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और टिकाऊ ग्रह की गारंटी देने की आवश्यकता से कहीं अधिक है।

न्यूक्लियर संलयन संभवतः एकमात्र बड़े पैमाने का समाधान है जो ग्रह को जीवाश्म ईंधन और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के कारण होने वाली अपरिवर्तनीय क्षति से बचा सकता है।"

लेकिन संलयन प्रतिक्रियाओं से व्यावसायिक बिजली उत्पन्न होने से पहले अभी भी कुछ तय करना बाकी है। जैसे की, व्यावहारिक संलयन रिएक्टर अभी तक नहीं बनाई गयी हैं। संलयन तापमान पर प्लाज़्मा को बनाए रखना अभी भी एक चुनौती है। प्लाज़्मा भौतिक विज्ञानी रॉबर्ट डब्ल्यू कॉन ने हाल ही में उनके एक लेख में संक्षेप में लिखा है: "व्यावहारिक संलयन ऊर्जा की खोज मानवजाति की सबसे बड़ी वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग चुनौतियों में से एक है।"

स्रोत: CNN.com

Nuclear Fusion can Change Our World

Researchers at the National Ignition Facility announced that they had achieved net energy gain in a fusion reaction. It could provide us with an unlimited source of green and safe energy.

Imagine the possibilities. Nuclear fusion could provide us with an unlimited source of green and safe energy.

Nuclear Fusion

On July 30, 2023, researchers at the National Ignition Facility, located at Lawrence Livermore National Laboratory, California, announced that they had achieved net energy gain in a fusion reaction. In other words, they managed to generate more energy than what the process consumed.

This was the second time they did so-the facility achieved this feat earlier in December last year. Most importantly, the quantum of net gain was higher now. Net energy gain is critical to make commercial fusion power possible. That possibility has kindled hopes even among policy makers. Jennifer Granholm, the US energy secretary, said "this success was one of the most impressive science feats of the 21st century".

Nuclear fusion does not emit any greenhouse gases and produces a lot more energy with a lot less fuel.

The raw material to produce energy through nuclear fusion is hydrogen and is available in abundance. Nuclear fusion could therefore solve humanity's quest for unlimited sustainable energy.

In the December experiment, the energy produced was 3.15 megajoules as against 2.05 megajoules that was spent. Initial analysis of the July test data reveals that the net gain was even higher.

"Achieving net energy gain in nuclear fusion is more than just a necessity to guarantee a safer and sustainable planet for the future generations. Fusion power is probably the only large-scale solution that could save the planet from irreversible damage that it is undergoing due to usage of fossil fuels and greenhouse gas emissions," says Ratna Kumar Annabattula, professor at the department of mechanical engineering, IIT Madras.

But there is still some way to go before commercial power is generated from fusion reactions. For one, practical fusion reactors have not been built yet. Containing plasma at fusion temperature (hot gas tends to expand and escape from enclosing magnetic structures) is still a challenge. Robert W Conn, a plasma physicist put it succinctly when he wrote in an article recently: "The quest for practical fusion energy remains one of the greatest scientific and engineering challenges of human kind.".

Source: CNN.com

न्यूक्लियर ऊर्जा, दुर्लभ मृदा धातुएँ; प्रमुख शक्तियों की चंद्रमा में रुचि क्यों है? स्पष्ट किया गया

पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह में मौजूद तत्वों के बारे में और अधिक खोज करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और भारत सहित प्रमुख शक्तियों की होड़ के बीच रूस ने 47 वर्षों में अपना पहला चंद्रमा-लैंडिंग अंतरिक्ष यान लॉन्च किया। रूस ने कहा कि वह आगे चंद्र मिशन शुरू करेगा और फिर एक संयुक्त रूसी-चीन क्रू मिशन और यहां तक कि एक चंद्र बेस की संभावना को भी तलाशेगा। नासा ने "चंद्र सोने की भीड़" के बारे में बात की है और चंद्रमा पर खनन की संभावना का भी पता लगाया है। यह प्रमुख शक्तियाँ वहाँ जो कुछ है उसमें इतनी रुचि क्यों रखती हैं?

चंद्रमा पर पानी

चंद्रमा पर पानी की पहली निश्चित खोज 2008 में भारतीय मिशन चंद्रयान-1 द्वारा की गई थी, जिसमें नासा के अनुसार, चंद्रमा की सतह पर फैले और ध्रुवों पर केंद्रित हाइड्रॉक्सिल अणुओं का पता लगाया गया था। पानी मानव जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण है और यह हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का स्रोत भी हो सकता है - तथा इनका रॉकेट ईंधन के लिए भी उपयोग किया जा सकता है।

चंद्रमा पर न्यूक्लियर ऊर्जा का स्रोत: हीलियम-3

हीलियम-3, हीलियम का एक आइसोटोप है जो पृथ्वी पर दुर्लभ है, लेकिन नासा का कहना है कि चंद्रमा पर इसके दस लाख टन होने का अनुमान है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, यह आइसोटोप एक संलयन रिएक्टर में न्यूक्लियर ऊर्जा प्रदान कर सकता है, और चूंकि यह रेडियोधर्मी नहीं है, इसलिए यह खतरनाक अपशिष्ट उत्पन्न नहीं करेगा।

चंद्रमा पर दुर्लभ मृदा धातुएँ

बोइंग के शोध के अनुसार, दुर्लभ मृदा धातुएं चंद्रमा पर मौजूद हैं, जिनमें स्कैंडियम, येट्रियम और 15 लैंथेनाइड्स शामिल हैं, जिनका उपयोग स्मार्टफोन, कंप्यूटर और उन्नत प्रौद्योगिकियों में किया जाता है।

मून माइनिंग के लिए क्या कानून हैं?

कानून अस्पष्ट और खामियों से भरा है। संयुक्त राष्ट्र 1966 बाह्य अंतरिक्ष संधि के अनुसार कोई भी देश चंद्रमा – या अन्य खगोलीय पिंडों पर संप्रभुता का दावा नहीं कर सकता है – और अंतरिक्ष की खोज सभी देशों के लाभ के लिए की जानी चाहिए।

लेकिन वकीलों का कहना है कि कोई निजी संस्था चंद्रमा के एक हिस्से पर संप्रभुता का दावा कर सकती है या नहीं यह स्पष्ट नहीं है। रैंड कॉर्पोरेशन ने पहले एक ब्लॉग में कहा था, "इन संभावित उच्च जोखिमों के बावजूद, अंतरिक्ष खनन अपेक्षाकृत कम मौजूदा नीति या शासन के अधीन है।"

1979 के चंद्रमा समझौते में कहा गया है कि चंद्रमा का कोई भी हिस्सा "किसी भी राज्य, अंतरराष्ट्रीय अंतरसरकारी या गैर-सरकारी संगठन, राष्ट्रीय संगठन या गैर-सरकारी इकाई या किसी प्राकृतिक व्यक्ति की संपत्ति नहीं बनेगा।"
